विधायक आवास में टीआई की रंगरेलियां

■ केयर टेकर का दावा- भाजपा विधायक टेकाम के पीए के कहने पर धोखे से कांग्रेस विधायक के कक्ष की चाबी दी

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. विधायक विश्रामगृह में कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बॉस के आवंटित कमरे में युवक-युवती के मिलने का मामला अब नया मोड़ ले चुका है. जिस केयरटेकर पर विधायक ने बिना अनुमति कमरा देने का आरोप लगाया था, उसने दावा किया है कि खुद को भाजपा विधायक कुंवर सिंह टेकाम का पीए बताने वाले बीएस वर्मा के कहने पर कमरा दिया गया था.



केयरटेकर के मुताबिक, उसे टेकाम के कमरे की चाबी देनी थी, लेकिन जल्दबाजी में उसने कांग्रेस विधायक दिनेश जैन के कमरे की चाबी दे दी. केयरटेकर राजकुमार का कहना है कि उसने अपनी मर्जी से कमरा नहीं दिया था, बल्कि पीए वर्मा के फोन पर कथित टीआई को कमरा दिया था. वर्मा ने उसे बताया था कि टीआई साहब आ रहे हैं. राजकुमार के मुताबिक, 2 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे विधायक विश्रामगृह में फोन आया था. फोन करने वाले ने खुद को विधायक का पीए बताते हुए कहा कि एक टीआई साहब आ रहे हैं, उन्हें आधे घंटे के लिए विधायक का कमरा दे देना. आधे घंटे बाद सुबह 7.30 बजे सिविल ड्रेस में कथित टीआई पुलिस की वर्दी पहनी युवती के साथ पहुंचा. राजकुमार ने उसे कक्ष क्रमांक-15 की चाबी सौंप दी. सुबह 8 बजे राजकुमार की ड्यूटी खत्म हो गई और केयरटेकर गणेश सूर्यवंशी ने जिम्मेदारी संभाली. कुछ घंटे बाद विधायक दिनेश जैन विश्रामगृह पहुंचे और कमरा खुलवाया तो अंदर युवक-युवती संदिग्ध अवस्था में मिले.

पीए के फोन की जांच कराए विधानसभा प्रशासन

राजकुमार का कहना है कि विधानसभा प्रशासन को सबसे पहले टेकाम के पीए से पूछताछ करनी चाहिए थी कि उन्होंने किसके कहने पर कमरा देने के लिए फोन किया था. पीए के फोन की विधायक को जांच करानी चाहिए. हालांकि, विधानसभा प्रशासन भी जांच कर रहा कि किसके निर्देश पर चाबी दी गई थी. इसके साथ ही कथित टीआई कौन था और महिला पुलिसकर्मी के साथ वह विश्रामगृह क्यों पहुंचा था.

दोनों पुलिसकर्मी थे



यह बात सही है कि कमरे में ठहरे महिला-पुरुष पुलिसकर्मी थे. महिला पुलिस वर्दी में थी.

दिनेश जैन, विधायक, महिदपुर विधानसभा

प्रदेश के 60 अस्पतालों का होगा कायाकल्प, 208 करोड़ मंजूर

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए बड़े स्तर पर निर्माण और उन्नयन कार्य किए जाएंगे. इसके लिए 60 सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 208 करोड़ 75 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है.

इस राशि से पुराने भवनों की मरम्मत, अस्पतालों का विस्तार और नए भवनों का निर्माण होगा. सरकार का उद्देश्य जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े.

योजना के तहत सबसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य खरगोन और सतना जिला अस्पताल में होंगे. यहां जच्चा-बच्चा के बेहतर उपचार के लिए अत्याधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) विंग बनाए जाएंगे. प्रत्येक विंग के निर्माण पर 26 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इसके अलावा भोपाल स्थित स्टेट टीबी सेंटर, स्टेट ड्रग स्टोर और आईआरएल लैब का उन्नयन किया जाएगा. इस पर तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे.

यंत्री बोले-समयसीमा में निर्माण होगा पूरा

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीक्षक यंत्री प्रदेश के 60 स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नयन, विस्तार और नए निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं. काम को 10 समूहों में बांटा गया है, ताकि गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में निर्माण पूरा कराया जा सके. खरगोन और सतना के एमसीएच विंग तथा पांच स्थानों पर नए भवनों का निर्माण प्राथमिकता में रहेगा.

शशि कुमार बंसल, अधीक्षण यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग

दीवाली से पहले राजधानी समेत प्रदेश की हवा बिगड़ी

261 तक पहुंचा भोपाल में एक्यूआई

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. दिवाली से पहले ही प्रदेश के कई शहरों की हवा प्रदूषित होने लगी है. ग्वालियर में वायु गुणवत्ता की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. यहां तीन निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार पहुंच गया है.



दीनदयाल नगर में एक्यूआई 348 दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक है. इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, मंडीदीप और सिंगरौली में भी हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है. हालांकि राहत की बात यह है कि प्रदेश के किसी भी निगरानी केंद्र पर एक्यूआई 400 के पार नहीं पहुंचा है. ग्वालियर में प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक दर्ज किया गया. दीनदयाल नगर में एक्यूआई 348, महाराज बाड़ा में 334 और सिटी सेंटर में 316 रहा. तीनों केंद्रों पर हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुई. दीनदयाल नगर और सिटी सेंटर में पीएम 2.5, जबकि महाराज बाड़ा में पीएम 10 प्रमुख प्रदूषक रहा.

राजधानी भोपाल में पर्यावरण परिसर का एक्यूआई 261 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है. यहां पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक रहा. दूसरी ओर टीटी नगर में एक्यूआई 183 और ईदगाह हिल्स में 141 दर्ज किया गया. इन दोनों क्षेत्रों में हवा मध्यम श्रेणी में रही. औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप के सेक्टर-डी में एक्यूआई 251 दर्ज किया गया.

RENTAL BASED PROJECT ON RAILWAY LAND

॥ शुभ दीपावली ॥

समदड़िया स्ट्रीट परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ

9%* सालाना रेंटल इनकम

*नियम व शर्तें लागू

शॉप्स · ऑफिस · स्टूडियो अपार्टमेंट

आज से ही मिलना शुरू

कभी भी कैंसलेशन की सुविधा

साइट विज़िट पर निश्चित दीवाली उपहार

दीवाली के दिन भी साइट ऑफिस खुला · प्रति परिवार एक उपहार



चित्र काल्पनिक (आर्टिस्ट इम्प्रेशन) हैं

शहर के बीच में · मेट्रो · रेलवे · बस स्टैंड पास · हाई फुटफॉल · 7 एकड़ पार्किंग · फन पार्क · फूड कोर्ट · सिनेमा

— SAMDARIYA STREET MALL —

Old Bhopal · निर्माण कार्य जोरों पर

अभी कॉल करें

8765000013

साइट ऑफिस : समदड़िया स्ट्रीट मॉल, रेलवे लैंड, ओल्ड भोपाल (म.प्र.)

स्कैन करें · विज़िट बुक

स्कैन करें · लोकेशन



